आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/59353
डाक पंजी सं. : RJ/UD/29-154/2021-2023

दैनिक समाचार–पत्र

प्रेषण :- कार्यालय चेतक सर्कल पोस्ट ऑफिस ,उदयपुर
प्रेषण दिनांक:-प्रतिदिन

# मन के जीते जीत सदा

• वर्ष - 9 • अंक-2433 • उदयपुर, रविवार 22 अगस्त, 2021 • प्रेषण दिनांक : प्रतिदिन • कुल पृष्ठ : 4 • मूल्य : 1 रुपया

## आपका अपना नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर

## पोपलटी उदयपुर में पोषाहार शिविर सम्पन्न



नारायण सेवा संस्थान ने 'नारायण गरीब परिवार राशन वितरण योजना' के अन्तर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत पोपलटी में शिविर आयोजित किया। संस्थापक चेयरमैन कैलाश 'मानव' ने संस्थान की जुलाई माह में हुई सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उदयपुर जिले में 1850 किट बांटे गए तथा 5000 से ज्यादा जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई गई। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त जी अग्रवाल ने बताया कि शिविर में संस्थान निदेशक वंदना जी अग्रवाल और पलक जी अग्रवाल की 10 सदस्यीय टीम ने पोपलटी और आसपास के बेरोजगार आदिवासियों को 100 मासिक राशन किट, 150 साड़ियां और 200 बच्चों को बिस्किट के पैकेट वितरित किए।



## नरवाना ( हरियाणा ) में कृत्रिम अंग वितरण शिविर

नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांगों की सेवार्थ देश–विदेश में निःशुल्क शिविर लगाकर उन्हें राहत पहुंचाने का क्रम जारी है।

इसी क्रम में 25 जुलाई 2021 को मिलन पैलेस नरवाना, जिला– जींद (हरियाणा) में विशाल निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किया गया।

नारायण सेवा संस्थान की नरवाना शाखा द्वारा आयोजित इस शिविर मे 37 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग लगाये गये व 25 को कैलीपर्स प्रदान किये गये। उक्त शिविर में मुख्य अतिथि मंहत श्री अजयगिरि जी महाराज, अध्यक्ष श्री भारत भूषण जी गर्ग– (पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद), विशिष्ट अतिथि डॉ. जयसिंह जी गर्ग (समाजसेवी), श्री राजेन्द्र जी गर्ग (स्थानीय शिविर प्रभारी), श्री प्रवीण जी मित्तल एवं श्री राकेश शर्मा (समाजसेवी) पधारे।

टेक्नीशियन श्री भंवर सिंह जी एवं श्री नरेश जी वैष्णव ने श्री हरिप्रसाद जी (शिविर प्रभारी),श्री भरत जी (सहायक), श्री मुन्ना जी (कैमरामेन) श्री रामसिंह जी (आश्रम साधक) आदि की टीम के साथ सेवाएं प्रदान की।

## पटना में 48 जरुरतमंद परिवारों को राशन विरतरण



नर को नारायण का स्वरूप मानते हुए नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर की ओर से 48 निर्धन परिवारों को निःशुल्क राशन किट वितरित किया गया। संस्थान पिछले 10 माह उदयपुर मुख्यालय सहित देश की सभी शाखाओं के माध्यम से निःशुल्क भोजन व राशन वितरण की सेवाए दे रहा है।

संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत जी अग्रवाल ने बताया कि इसी क्रम में रविवार को पटना में राशन वितरण का शिविर आयोजित किया गया। प्रत्येक किट में 15 किलो आटा, दो किलो दाल, पांच किलो चावल, दो किलो रिफाइंड तेल, चार किलो चीनी व एक किलो नमक सहित मसाले दिये गए।

स्थानीय आश्रम प्रभारी संदीप जी भटनागर ने बताया कि पटना में आचार्य विमल सागर दिगंबर जैन भवन में आयोजित शिविर में उपस्थित .ष्ण प्रसाद जी, राकेश जी गुप्ता, अर्चना जी जैन, ईशान जी जैन, विजय जी जैन, सुरेंद्र जी जैन, राहुल रंजन जी, विशाल सिंह जी, गोविंद केसरी जी, रोशन जी श्रीवास्तव, संजय कुमार जी, सोनू कुमार जी, मुकेश कुमार सिंह जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## संस्थान द्वारा खेतड़ी (राज.) में राशन वितरित



नर को नारायण का स्वरूप मानते हुए असहाय दिव्यांग, मूक–बधिर एवं कोरोना महामारी के चलते बेरोजगार हुए व्यक्तियों को नारायण सेवा संस्थान उदयपुर की खेतड़ी शाखा द्वारा 16 निर्धन परिवारों को निःशुल्क राशन किट वितरित किए गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप अधीक्षक विजय कुमार जी थे। अध्यक्षता गोकुल चंद जी सैनी (कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष)ने की।

संस्थान अध्यक्ष प्रशांत जी अग्रवाल ने बताया कि संस्थान ने ऐसे जरूरतमंदो के लिए नारायण गरीब परिवार राशन योजना के माध्यम से 50 हजार परिवारों तक राशन पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है इसी क्रम में खेतड़ी में राशन वितरण शिविर आयोजित किया गया। प्रत्येक किट में 15 किलो आटा, 2 किलो दाल, 5 किलो चावल, 2 किलो तेल, 4 किलो चीनी, 1 किलो नमक एवं मसाले प्रदान किए गए।

इस अवसर पर पवन कुमार जी कटारिया, ओमप्रकाश जी, कपिल जी सैनी, मुकेश जी शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

# अंतहीन संभावनायें – दिव्यांगता मिटाने के लिये विभिन्नआयाम

## WORLD OF HUMANITY का निर्माण प्रगति पर.........

## अंतहीन संभावनाएं - दिव्यांगता मिटाने के विभिन्न आयाम

### चिकित्सा
- निदान (एक्स रे, ओपीडी, लैब)
- उपचार (कृत्रिम अंग और कैलीपर्स)
- पोस्ट ऑपरेटिव केयर (वार्ड, आईसीयू)
- चिकित्सा सहायता (फार्मेसी एवं फिजियोथेरेपी)

### स्वावलम्बन
- हस्तकला या शिल्पकला
- सिलाई प्रशिक्षण
- डिजिटल (कंप्यूटर) प्रशिक्षण
- मोबाइल फोन मरम्मत प्रशिक्षण
- नारायण चिल्ड्रन एकेडमी (नि:शुल्क डिजीटल स्कूल)




### सशक्तिकरण
- दिव्यांग शादी समारोह
- दिव्यांग हीरोज
- दिव्यांग खेल अकादमी
- दिव्यांग संगोष्ठी - सेमीनार
- इंटर्नशिप वॉलंटियर

### सामुदायिक सेवाएं
- आदिवासी और ग्रामीण शिक्षा
- वस्त्र वितरण
- दृश्य एवं श्रवण बाधित के लिए आवासीय विद्यालय
- भोजन सेवा
- राशन वितरण
- वस्त्र और कंबल वितरण
- दवा वितरण

○ 450 बेड का नि:शुल्क सेवा हॉस्पीटल ○ 7 मंजिला अतिआधुनिक सर्वसुविधायुक्त
○ नि:शुल्क शल्य चिकित्सा, जांचें, ओपीडी ○ नि:शुल्क कृत्रिम अंग निर्माण कार्यशाला

○ प्रज्ञाचक्षु, विमंदित, मूकबधिर, अनाथ एवं निर्धन बच्चों का नि:शुल्क आवासीय
○ व्यावसायिक प्रशिक्षण ○ बस स्टेण्ड से मात्र 700 मीटर दूर ○ रेल्वे स्टेशन से 1500 मीटर दूर

## मानवीय सेवा हेतु करें सहयोग
### दानदाताओं के सम्मान में

### डायमण्ड ईंट ₹51,00,000
**सौजन्य दाता**



**वक्ष प्रतिमा**
अस्पताल में प्रवेश पर

- टीवी चैनलों पर 3 मिनट की प्रोफाइल प्रसारित की जायेगी।
- नारायण सेवा की मासिक पत्रिका में एक पृष्ठ रंगीन प्रकाशित होगा। पत्रिका (10 लाख प्रति)।
- सेवा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत।
- 3 कृत्रिम अंग एवं चिकित्सा शिविर का सौजन्य लाभ मिलेगा।
- 4000 पेशेन्ट तक भोजन पहुंचाने का पुण्य मिलेगा।
- जन्मदिन और सालगिरह का उत्सव दिव्यांगों के साथ मनाएं।
- प्रतिदिन दाता और उसके परिवार के लिए 4000 रोगीजन करेंगे कुशल क्षेम की प्रार्थना।

### प्लेटिनम ईंट ₹21,00,000
**सौजन्य दाता**




**थ्रीडी फ्रेम**
अस्पताल में प्रवेश पर

- टीवी चैनलों पर 2 मिनट की प्रोफाइल प्रसारित की जायेगी।
- नारायण सेवा की मासिक पत्रिका में आधा पृष्ठ रंगीन प्रकाशित होगा। पत्रिका (10 लाख प्रति)।
- सेवा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत।
- आपश्री को 2 कृत्रिम अंग एवं चिकित्सा शिविरों में सम्मानित किया जायेगा।
- 15 दिनों में 4000 रोगी तक भोजन पहुंचाने का पुण्य मिलेगा।
- जन्मदिन और सालगिरह का उत्सव दिव्यांगों के साथ मनाएं।
- प्रतिदिन दाता और उसके परिवार के लिए 4000 रोगीजन करेंगे कुशल क्षेम की प्रार्थना।

## मानवीय सेवा हेतु करें सहयोग

### स्वर्ण ईंट ₹11,00,000
**सौजन्य दाता**



**फोटो फ्रेम**
अस्पताल में प्रवेश पर

- टीवी चैनलों पर 1 मिनट की प्रोफाइल प्रसारित की जायेगी।
- नारायण सेवा की मासिक पत्रिका में क्वाटर पेज रंगीन प्रकाशित होगा। पत्रिका (10 लाख प्रति)।
- सेवा समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वागत।
- आपश्री को शिविरों में सम्मानित किया जायेगा।
- 7 दिन तक रोगी एवं परिचारकों को भोजन खिलाने का पुण्य मिलेगा।
- जन्मदिन और सालगिरह का उत्सव दिव्यांगों के साथ मनाएं।
- प्रतिदिन दाता और उसके परिवार के लिए 4000 रोगीजन करेंगे कुशल क्षेम की प्रार्थना।

### रजत ईंट ₹5,00,000
**सौजन्य दाता**




**पट्टिका पर नाम**
अस्पताल में चिल्ड्रन वार्ड

- सेवा कार्यक्रमों में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वागत।
- दानदाता को रोगियों का 3 दिन भोजन खिलाने का पुण्य मिलेगा।
- जन्मदिन और सालगिरह का उत्सव दिव्यांगों के साथ मनाएं।
- आपश्री और आपके परिवार के लिए हर दिन होगी प्रार्थना।

अधिक जानकारी के लिए कॉल करें मो न. : +91-294-6622222 वाट्सअप : +91-7023509999

## सम्पादकीय

रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का अति प्राचीन पर्व है। यह वस्तुतः पुरोहितों द्वारा राजाओं से रक्षा के लिये जाने वाला वचन होता है था। कालान्तर में यह बहनों द्वारा भाइयों से रक्षा संकल्प कराने का अनुष्ठान हो गया है। जो भी किन्तु इसमें रक्षा की भावना प्रमुख है। आज समाज में ऊँच–नीच का वातावरण दुर्भाग्य से फिर सिर उठा चुका है, तो आपस में रक्षा की परम आवययकता है। आज अनैतिकता का संकट लगातार बढ़ रहा है तो यहां भी रक्षा की उपस्थिति प्रासंगिक है।

भाई–बहन में भी जैसी प्रेम व स्नेह की डोर जैसी सुदृढ़ हुई है धागों के इस पावन त्योहार से वैसी समाज के हर क्षेत्र में हो सके तो अद्भूत दृश्य खड़ा हो सकेगा। रक्षा एक भाव है जिसमें समर्थ व असमर्थ का भाव उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना कि रक्षा के प्रति विचारों का उदय। हम सभी आपस में एक दूसरे की रक्षा करें तो रक्षाबंधन पर्व का महतत्व और बढ़ जायेगा। यह रक्षा केवल संकट से ही नहीं वरन् कर्तव्यों व अधिकारों की भी हो, रक्षा विचारों व मतों की भी हो, रक्षा हर प्रकार की हो।

## कुछ काव्यमय

रक्षा सूत्र वास्तव में<br>
जीवन को ठीक से<br>
दिशा देने के<br>
उत्कट प्रयास हैं।<br>
रक्षाबंधन जीवन के<br>
हर क्षेत्र में उतरे तो<br>
चहुँमुखी विकास व<br>
विश्वास पनपे<br>
यह अनुभूत है<br>
न कि कयास हैं।

- वरदीचन्द राव

# नारायण गरीब परिवार राशन योजना के तहत् रावलामण्डी में 32 परिवारों को निःशुल्क राशन वितरण




नर को नारायण का स्वरूप मानते हुए असहाय, दिव्यांग, मूक बधिर, एवम दूसरी लहर कोरोना महामारी के चलते बेरोजगार हुए गरीब कामगारों को नारायण सेवा संस्थान उदयपुर की शाखा रावलामण्डी द्वारा निःशुल्क राशन का वितरण किया गया। जिसमें पूरे भारतवर्ष में 50000 परिवारों को राशन निःशुल्क जा रहा है। रावलामण्डी के अंतर्गत 32 गरीब परिवारों को निःशुल्क राशन दिया गया।

रावलामण्डी शाखा संयोजक श्री सुभाष जी प्रजापत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि महेन्द्र जी तरड, श्री नन्द राम जी प्रजापत, श्री डुगर राम जी ने संस्थान गतिविधियों का अवलोकन किया।

संस्थापक चैयरमेन कैलाश जी 'मानव' ने बताया कि संस्थान 36 वर्षों से दीन–दुःखियों की निःस्वार्थ सेवा कर रहा है। इस वर्ष कोरोना काल में संस्थान घर–घर भोजन सेवा, ऑक्सीजन सिलेंडर, एम्बुलेंस सेवा, कोरोना किट, निःशुल्क हाइड्रोलिक बेड भी उपलब्धा करवाने का संकल्प लिया। इस दौरान हजारों कोरोना संक्रमित को निःशुल्क सेवा उपलब्ध करवायी जा रही हैं।

संस्थान अध्यक्ष प्रशांत जी अग्रवाल ने बताया कि संस्थान ने ऐसे जरूरतमंदों के लिए नारायण गरीब परिवारों तक राशन पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इसी क्रम में उदयपुर शहर के विभिन्न आदिवासी क्षेत्र में शिविर लगाकर निःशुल्क राशन वितरण किया जा रहा है। प्रत्येक किट में 15 किलो आटा, 5 किलो चावल, 4 किलो दाल, 2 किलो तेल, 2 किलो शक्कर, 1 किलो नमक एवं आवश्यक मसाले दिए गए। शिविर प्रभारी मुकेश कुमार जी शर्मा ने बताया कि मनिष जी प्रजापत, श्री रूपेश जी प्रजापत, श्री करण जी प्रजापत आदि पूरी टीम ने चयनित परिवारों को राशन वितरण में सहयोग प्रदान किया।




## संस्थान की सेवा से आत्मनिर्भरता भी आई

**सुशीला बाई, उज्जैन** अगरबती बनाने का कार्य करती थी। इन्होंने दो वर्ष पूर्व कोटा से भाँजे की शादी से घर लौटते वक्त ट्रेन दुर्घटना में एक पैर गंवा दिया और कुछ समय बाद दूसरा पैर भी कटवाना पड़ा जिसके लिए कर्जा लिया। लोगो द्वारा नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर का पता बताया गया परन्तु पति मजदूरी करते थे।

कर्ज में डूबने से उदयपुर आने के लिए पैसे नहीं थे। रिश्तेदार के माध्यम से पता लगा कि उज्जैन महाकुंभ में भी संस्थान का चिकित्सा शिविर लगा है। शिविर में डॉ. को चैक करवाकर पैर का माप लिया और दोनों पैर जब सुशीला बाई खड़ी हुई तो उनके पुत्र व पति के आँखों में खुशी के आँसू छलक पड़े। सुशीला ने अगरबती बनाने कार्य फिर शुरू कर दिया है। उसने बताया कि वह घर पर ही सिलाई का कार्य  के भी निरन्तर आत्म निर्भरता की और बढ़ रही है।

# मेरठ (उ.प्र.) और परभणी (महाराष्ट्र) में भी घर–घर भोजन सेवा




भोजन पैकेट बनाने में जुटी सेवाभावी साधक टीम

कोरोना संक्रमित परिवारों के सेवार्थ नारायण सेवा संस्थान के मुख्यालय पर शुरू हुई घर–घर भोजन सेवा की तर्ज संस्थान की शाखा मेरठ (यू.पी.) और परभणी (महाराष्ट्र) में भी निःशुल्क भोजन सेवा 25 अप्रैल से शुरू हुई है। शाखा परभणी की संयोजिका मंजु दर्डा के नेतृत्व में 1800 से अधिक पैकेट तथा मेरठ में मूलशंकर मेनारिया के सहयोग से 900 से ज्यादा भोजन पैकेट वितरित किए जा चुके है। अन्य शाखाओं में भी भोजन, राशन एवं दवाइयां आदि की निःशुल्क सेवा शुरू की जायेगी। यह सेवाएं कोरोना की दूसरी लहर की समाप्ति तक निरन्तर रहेगी पीड़ित मानवता को बचाना संस्थान का सर्वोपरि धर्म है।

## संस्थान में ध्वजारोहण

नारायण सेवा संस्थान में 75 वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2021, रविवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। मानव मंदिर परिसर में संस्थापक पदमश्री कैलाश जी मानव ने, अंकुर कॉम्पलेक्स में अध्यक्ष प्रशांत जी अग्रवाल व सेवाधाम में निदेशक वंदना जी अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसी तरह बड़ी व बलीचा स्थित संस्थान भवन परिसरों में भी तिरंगा ध्वज फहराया गया। महिम जी जैन ने राष्ट्र भक्ति कविता पाठ किया।



अपनी जुबानी

# संस्थान की कोरोना सेवाओं से लाभान्वितों के अनुभव



मैं और मेरे परिवार के अन्य सदस्य माता–पिता, पत्नी और दोनों बहने कोरोना पॉजिटिव हो गए। हमनें डॉक्टर्स की सलाह पर होम आइसोलेट रहने का फैसला लिया। लेकिन हम सभी संक्रमितों के सामने दोनों समय के भोजन की समस्या थी। हमारा खाना कौन बनाएं? तभी हमें नारायण सेवा के घर–घर भोजन सेवा की जानकारी मिली।

संस्थान की हेल्पलाइन नम्बर पर कॉल किया। हमें 6 पैकेट भोजन भेजना शुरूकर दिया। वास्तव में खाना– बहुत स्वादिष्ट था। अच्छे से पैकिंग में सुरक्षित पैकेट 15 दिन तक निरन्तर मिलता रहा स्वादिश्ट भोजन। अब हमारा पूरा परिवार पूर्ण स्वस्थ हो गया। इस सेवा के लिए संस्थान का बहुत आभार।

— अंकित माथुर, उदयपुर




मैं और मेरी पत्नी व बेटे को बुखार आने लगा। कोरोना टेस्ट करवाया। हमारी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आ गई। तभी हम सब घर में आइसोलेंट हो गए। हम तीनों बीमार दवाई और भोजन के लिए चिन्तित थे। तभी मेरे मित्र ने मुझे नारायण सेवा संस्थान की कोरोना किट और घर–घर भोजन सेवा से अवगत कराया। मैंनें दूरभाष से सम्पर्क किया। हमें कोरोना दवाई किट और भोजन पैकेट सुविधा शुरू हो गई। 14 दिनों तक संस्थान से कार्यकर्त्ताओं की सेवाएं मिली। सुपाचय और रूचिकर भोजन के साथ कोरोना मेडीसन खाकर कोरोना संक्रमण से उबर गए। हम सभी अब पूर्ण स्वस्थ्य है। संस्थान की दिल से धन्यवाद।

— रानू राजपूत, उदयपुर

## हाई ब्लड प्रेशर में कैसा आहार लेना चाहिए ?

### फाइबर युक्त चीजें ज्यादा लें

आहार में चोकर युक्त मल्टी ग्रेन आटा, सत्तू , दलिया शामिल करें। हरी सब्जियां, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पौटेशियम, आयरन, फाइबर और विटामिन सी युक्त चीजें जैसे संतरा, मौसमी, अंगूर, नींबू मौसम के अनुसार लें। करीब 10 गिलास पानी रोजाना पीएं। रेड मीट, सैचुरेटेड फैट वाली चीजे, शराब और सिगरेट न लें।

### लो साल्ट व लो फैट डाइट लें

खाने में घी, मक्खन, मलाई, तली– भुनी चीजें पुड़ी– परांठे, समोसे, कचौरी आदि न खांए। डाइट में आचार, पापड़, चिप्स, चाइनीज, फास्टफूड , पैक्ड आइटम न लें। हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को आहार में फाइबर युक्त चीजों को ज्यादा शामिल करना चाहिए। साबुत अनाज (अंकुरित भी), छिलके वाली दालें, बींस, मूंगफली और लो फैट डेयरी उत्पाद डाइट में शामिल करें।

(यह जानकारी विविध स्रोतों से प्राप्त है कृपया चिकित्सक से सलाह अवश्य लें।)



मेरे पिता जी 5 दिन पहले कोरोना संक्रमित निकले। उन्हेंघर पर रखकर ईलाज शुरू किया लेकिन उनका ऑक्सीजन लेवल गिरने लगा। हमारी फिक्र बढ़ने लगी। हॉस्पीटल में ऑक्सीजन बेड के लिए प्रयास किया पर मिला नहीं। मदद के लिए नारायण सेवा संस्थान से सम्पर्क किया। तो उन्होंने ऑक्सीजन सिलेन्डर उपलब्ध करा दिया। 2–3 दिन ऑक्सीजन पर रहने के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ। अब पिता जी पूर्ण कुशल है। विपदा की घड़ी में संस्थान की मदद के लिए हम सदैव कर्तज्ञ रहेंगे।

— मोहन मीणा, डबोक






### अपने बैंक खाते से संस्थान के बैंक खाते में जमा करें - अपना दान

आप अपना दान सहयोग नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के नाम से संस्थान के बैंक खातों में सीधे भी जमा करवाकर PAY IN SLIP भेजकर सूचित कर सकते हैं, जिससे दान प्राप्ति रसीद आपको भेजी जा सके।

संस्थान पैन कार्ड नम्बर AAATN4183F, टैन नम्बर JDHN01027F

| Bank Name | Branch Address | RTGS/NEFT Code | Account |
|---|---|---|---|
| State Bank of India | H.M.Sector-4 | SBIN0011406 | 31505501196 |
| ICICI Bank | Madhuban | ICIC0000045 | 004501000829 |
| Punjab National Bank | KalajiGoraji | PUNB0297300 | 2973000100029801 |
| Union Bank of India | Udaipur Main | UBIN0531014 | 310102050000148 |

संस्थान को दिया गया दान-सहयोग आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80G के अन्तर्गत 50 प्रतिशत नियमानुसार छूट के योग्य है।

मन के जीते जीत सदा ( दैनिक समाचार-पत्र ) प्रकाशक : कैलाश चन्द्र अग्रवाल 483, सेवाधाम, सेवानगर, हिरण मगरी, से. 4, उदयपुर ( राज. ) स्वामित्व : नारायण सेवा संस्थान प्रकाशन स्थल : ई, डी-71 बप्पा रावल नगर, हि.म. सेक्टर-6, उदयपुर
मुद्रक : न्यूट्रेक ऑफसेट प्रिंटर्स, 13, भोपा मगरी, बी.एस.एन.एल. एक्सचेंज के पास, हिरण मगरी, सेक्टर – 3 उदयपुर ( राज. ) के लिए नारायण प्रिटिंग प्रेस, सेवा महातीर्थ, लियो का गुडा, उदयपुर
सम्पादक : लक्ष्मीलाल गाडरी, मो. 8278607811, 9119398965 • ई-मेल : mankijeet2015@gmail.com • आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/59353, • डाक पंजी सं. : RJ/UD/29-154/2021-2023